# धर्म . समाज . संस्था

दैनिक भास्कर, इंदौर , मंगलवार, 3 नवंबर, 2026 | 07

दीपावली नॉलेज सीरीज-2



## कमल से लेकर उल्लू तक : मां लक्ष्मी के प्रतीक क्या सिखाते हैं?

**मां लक्ष्मी की तस्वीरों में दिखने वाला हर प्रतीक जैसे कमल, हाथी, उल्लू और हाथों से गिरते सिक्के, समृद्धि का गहरा अर्थ समझाते हैं। लक्ष्मी का संदेश केवल धन पाने तक सीमित नहीं, बल्कि सही सोच, मेहनत और संतुलित जीवन की सीख भी देता है।**

कमल • **मुश्किलों में भी खिलते रहें :** मां लक्ष्मी कमल पर विराजमान होती हैं। कीचड़ में खिलकर भी कमल की पवित्रता और सुंदरता बनी रहती है। संदेश: परिस्थितियां कैसी भी हों, अपनी सोच, गुण और व्यवहार अच्छा रखें।

हाथी • **मेहनत-सामर्थ्य से आती है समृद्धि :** लक्ष्मी जी के दोनों ओर हाथी दिखाई देते हैं। इन्हें शक्ति, सामर्थ्य, वर्षा, उर्वरता और समृद्धि से जोड़ा जाता है। संदेश : समृद्धि के लिए धन के साथ मेहनत, धैर्य, मजबूत सोच जरूरी है।

उल्लू • **धन के साथ विवेक जरूरी :** उल्लू मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है और अंधेरे में भी देख सकता है। यह सजगता और समझ का प्रतीक है। संदेश है कि धन मिलने पर लालच या दिखावे में विवेक न खोएं और सही निर्णय लें।

चार हाथ • **जीवन में संतुलन जरूरी :** मां लक्ष्मी की चार भुजाओं को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जोड़ा जाता है। जीवन में केवल धन कमाना नहीं, बल्कि आचरण, सुख-सुविधा और आत्मिक विकास के बीच संतुलन भी है।

हाथों से गिरते सिक्के • **धन का सदुपयोग करें :** मां लक्ष्मी के हाथों से गिरते सिक्के धन और समृद्धि के प्रतीक हैं। संदेश है कि धन जरूरतमंदों की मदद और समाज के हित में उपयोग करने के लिए भी है।

कलश • **जीवन में भरपूरता का प्रतीक :** लक्ष्मी जी के साथ कलश दिखाई देता है। यह जीवन, पूर्णता, शुभता और भरपूरता का प्रतीक है। वास्तविक समृद्धि में धन के साथ सुख, स्वास्थ्य, अन्न, जल और संतोष भी शामिल हैं।

दीपक • **अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ें :** दीपावली पर दीपक जलाने की परंपरा है। दीपक प्रकाश, शुभता और सकारात्मकता का प्रतीक है। संदेश है कि अज्ञान-नकारात्मकता दूर कर ज्ञान, विवेक, अच्छे विचारों की ओर बढ़ें।

लाल वस्त्र • **शक्ति, शुभता और समृद्धि :** मां लक्ष्मी को अक्सर लाल वस्त्रों में दिखाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा, शुभता और समृद्धि का प्रतीक है। यह सकारात्मकता और ऊर्जा बनाए रखने का संदेश देता है।



### सौधर्म इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, सनत इंद्र और महेंद्र इंद्र सहित विभिन्न पदों के लिए चयन हुआ

## पंचकल्याणक की तैयारियां शुरू, पुण्यार्जन से चुने धार्मिक पात्र

भास्कर संवाददाता | इंदौर



नेमीनगर जैन कॉलोनी में होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के लिए विभिन्न धार्मिक पात्रों का चयन किया गया। आचार्य सुनील सागर महाराज के सान्निध्य में हुई प्रक्रिया में भगवान के माता-पिता, इंद्र, यज्ञ नायक और आहारदाता सहित अन्य पात्रों के लिए समाजजन ने पुण्यार्जन किया। सौधर्म इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, सनत इंद्र और महेंद्र इंद्र सहित विभिन्न पदों के लिए परिवारों का चयन हुआ। महायज्ञ नायक और यज्ञ नायक के पात्र भी तय किए गए। भगवान की शेष प्रतिमाओं के पुण्यार्जक भी चुने गए। आचार्यश्री ने सभी को आशीर्वचन दिए।

भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य वीणा और इंद्रकुमार सेठी को मिला। वहीं सौधर्म इंद्र के लिए प्रवीण-सोनल पहाड़िया, कुबेर इंद्र के लिए गिरीश-निर्मला पाटोदी और ईशान इंद्र के लिए तेजकुमार-दीपाली पाटोदी का चयन हुआ। सनत इंद्र के पात्र के लिए सनत-कुसुम गंगवाल और महेंद्र इंद्र के लिए संजय पाटोदी का चयन किया गया।

महायज्ञ नायक मनीष-मोनू-श्वेता काला और यज्ञ नायक आमिष-श्वेता काला बने। भगवान के आहारदाता का सौभाग्य मनीष गंगवाल को मिला। अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया ने चयनित पात्रों का सम्मान किया। कार्यक्रम के सूत्रधार भरत शास्त्री और नितिन झांझरी रहे। संचालन गिरीश पाटोदी ने किया।

### गुरु राह दिखाते हैं, मंजिल तक खुद चलना होगा

इंदौर | जीवन में अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर छोड़ देना मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी है। हम अपेक्षा करते हैं कि गुरु हमें जगा देंगे और मोक्ष मार्ग तक पहुंचा देंगे, जबकि गुरु का काम रास्ता दिखाना है। उस रास्ते पर चलने का पुरुषार्थ हमें स्वयं करना होगा। प्यासा व्यक्ति कुएं तक पहुंचेगा, तभी उसकी प्यास बुझेगी। आत्मकल्याण की इच्छा भी भीतर से जागनी चाहिए। यह बात सुधासागर महाराज ने सोमवार को दलाल बाग में चातुर्मास की धर्मसभा में कही।






## 295वें बलिदान दिवस पर छत्रियों का पूजन, आज हेरिटेज वॉक भी होगी



इंदौर | शहर के पुराने बाजारों और व्यापारिक पहचान के इतिहास में राव राजा राव नंदलाल मंडलोई का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शहर की स्थापना करने वालों में शामिल मंडलोई के 295वें बलिदान दिवस पर मंगलवार को उनके स्मारकों पर पूजा-अर्चना के साथ हेरिटेज वॉक आयोजित की जाएगी। इस मौके पर शहीद सैनिकों के परिजनों की सहायता के लिए आर्मी वेलफेयर फंड में राशि भी दी जाएगी।

शुरुआत सुबह 9.30 बजे दौलतगंज और चंपाबाग स्थित मंडलोई की छत्रियों पर सामूहिक पूजन से होगी। इसके बाद जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस में गादी पूजन किया जाएगा। हेरिटेज वॉक के जरिए शहर की ऐतिहासिक विरासत और मंडलोई परिवार के योगदान से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम वर्तमान गादीपति राव राजा श्रीकांत मंडलोई के सान्निध्य में होगा। रानी माधवी मंडलोई और युवराज वरदराज मंडलोई सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे। आयोजन इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति, बड़ा रावला की ओर से किया जा रहा है।

### उत्तराध्ययन सूत्र के हरिकेशीय अध्ययन से आत्मशुद्धि का संदेश

इंदौर | व्यक्ति की पहचान उसके रूप, धन या पद से नहीं, बल्कि गुण, साधना और चरित्र से होती है। यह संदेश साध्वी महाप्रज्ञा महाराज ने सोमवार को एयरपोर्ट रोड स्थित नृसिंह वाटिका में धर्मसभा में दिया। कुमुदलता महाराज के सान्निध्य में उत्तराध्ययन सूत्र की आराधना के दौरान राजकीर्तिजी ने सूत्र का वाचन किया।

## आज का पंचांग

**सूर्यास्त 5.48 बजे** मंगलवार | **सूर्योदय 6.33 बजे** बुधवार

**तिथि संवत् •** कार्तिक कृष्ण पक्ष, नवमी प्रातः 11.54 तक। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी सन् 1448 रवि दक्षिणायन हेमंत ऋतु।

**सूर्योदयकालीन ग्रह विचार**

सूर्य-तुला, चन्द्र-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरु-सिंह, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ केतु-सिंह, प्लूटो-मकर, नेपच्यून-मीन, यूरेनस-वृषभ।

**सूर्योदयकालीन नक्षत्र**

मघा नक्षत्र रात्रि 03.25 तक पश्चात पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, शुक्ल योग तथा गरज करण।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा**

यदि आवश्यक हो तो गुड़ का सेवन कर यात्रा प्रारंभ करें।

**आराधना •** ॐ महावीराय नमः

**राहुकाल •** 14.59 से 16.23 तक

**खरीदारी का शुभ समय •** 10.45 से 12.10 तक

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक-7, शुभ रंग-नीला।** नई जिम्मेदारी मिल सकती है। पुराने संपर्क से लाभ प्राप्त हो सकता है। दूसरों की राय भी समझें।

**वृषभ : शुभ अंक-3, शुभ रंग-ऑरेंज।** आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। किसी परिचित से मुलाकात मन को प्रसन्न कर सकती है।

**मिथुन : शुभ अंक-9, शुभ रंग-पीला।** रुके हुए कामों को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सोच-समझकर करें।

**कर्क : शुभ अंक-2, शुभ रंग-क्रीम।** घरेलू व्यवस्था में बदलाव का विचार बन सकता है। खर्चे पर नियंत्रण रखने से आर्थिक संतुलन बेहतर रहेगा।

**सिंह : शुभ अंक-5, शुभ रंग-चॉकलेटी।** सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी। महत्वपूर्ण विषय पर वरिष्ठ का मार्गदर्शन मिल सकता है।

**कन्या : शुभ अंक-1, शुभ रंग-फिरोजी।** कामकाज में बारीकियों पर ध्यान देना होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी विषय पर चर्चा हो सकती है।

**तुला : शुभ अंक-8, शुभ रंग-जामुनी।** साझेदारी से जुड़े मामलों में सकारात्मक बातचीत हो सकती है। अपनी रुचि के कार्यों हेतु समय निकालना लाभदायक।

**वृश्चिक : शुभ अंक-4, शुभ रंग-ग्रे।** व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में धन उधार देने से बचें। परिवार के साथ समय सुकून देगा।

**धनु : शुभ अंक-6, शुभ रंग- बैंगनी।** रचनात्मक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ सकती है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यशैली में सुधार का अवसर।

**मकर : शुभ अंक-7, शुभ रंग-रानी।** जिम्मेदारियों के बीच निजी कामों के लिए भी समय निकालें। संपत्ति खरीदी की योजना बन सकती है।

**कुंभ : शुभ अंक-3, शुभ रंग-भूरा।** नए लोगों से मेलजोल। मित्रों के साथ किसी योजना पर चर्चा संभव है। बहस से दूरी बनाए रखना बेहतर।

**मीन : शुभ अंक-9, शुभ रंग- सफेद।** कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर। पारिवारिक जरूरतों पर ध्यान देना पड़ सकता है।

• पंडित सोमेंद्र शर्मा

## जाग्रति नवदुर्गा उत्सव समिति का भंडारा आयोजित

### नौ दिन तक गरबा करने वाली माता-बहनों को दिए पुरस्कार



इंदौर | सुखलिया के सी-सेक्टर में जाग्रति नवदुर्गा उत्सव समिति ने रविवार को भंडारे का आयोजन किया। यहां हर साल गरबा आयोजन की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। संस्था के धनेंद्र श्रीवास ने बताया, भंडारे का यह 34वां साल है। नौ दिन तक गरबा करने वाली नन्हीं बालिकाओं से लेकर माता-बहनों को कार्यक्रम के दौरान उपहार बांटे गए। यह उपहार प्रमुख अतिथि और स्थानीय पार्षद मनोज मिश्रा के हाथों वितरित किए गए।


**अधिशाषी अभियन्ता**

**जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय जयपुर**

क्रमांकः अ.अ./जिला खण्ड-II/2026-27/7222-37 दिनांकः 21.10.2026

Phone- 0150-2943090, Email: ee2.jai.phed@rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना संख्या 55/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला ग्रामीण खण्ड-II, जयपुर के अधीन विभिन्न जल योजनाओं पर स्वीकृत निर्माण कार्य मय मेटेरियल के निविदा सूचना संख्या 55/2026-27 का राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त सभी निविदाओं से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है:-

| क्र. सं. | आई.डी. नम्बर | अपलोड की दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | UBN- PHE2627WSOB06716 | 23.10.2026 |
| 2 | UBN- PHE2627WSOB06717 | |
| 3 | UBN- PHE2627WSOB06718 | |
| 4 | UBN- PHE2627WSOB06719 | |
| 5 | UBN- PHE2627WSOB06720 | |
| 6 | UBN- PHE2627WSOB06721 | |
| 7 | UBN- PHE2627WSOB06722 | |

(हिमांशु मील) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय जयपुर

DIPR/C/18169/26



**pnb पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

एआरएमबी इंदौर :20 स्नेह नगर, सपना संगीता रोड, इन्दौर (म.प्र.), मो. 98351 92571 एवं ई-मेल : cs6885@pnb.co.in

**अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी सूचना।**

आम लोगों को सामान्यतः और ऋण लेने वाले ऋणीयों और जमानतदारों / बंधककर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक / प्रभारित की गई निम्न वर्णित अचल संपत्तियों, जिनका रचनात्मक / भौतिक / प्रतिकात्मक कब्जा निम्न विवरण के अनुसार बैंक / सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, का विक्रय ऋणीयों और जमानतदारों / बंधककर्ता से बैंक / सुरक्षित लेनदार द्वारा निम्न बकाया राशि की वसूली के लिये **जहां हैं, जैसा है, जो भी है, जो कुछ भी है के आधार पर** नीचे तालिका में दी गई उल्लेखित दिनांक को किया जायेगा । प्रत्येक संपत्ति का आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, वृद्धि राशि तथा अन्य विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

| लॉट नं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/जमानतदार/ खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के गिरवीकर्ता) | A) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि B) 13(2) नोटिस बकाया राशि दिनांक तक C) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि D) कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/ भौतिक/रचनात्मक | A) आरक्षित मूल्य B) ईएमडी C) बोली बढ़ाने की राशि | ई–नीलामी की दिनांक/ समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **मैसर्स मां केलादेवी लॉजिस्टिक्स (प्रोप्राइटर: सुश्री दर्शना शाक्यवार पिता श्री दिनेश कुमार शाक्यवार)** जमानतदार : दर्शना शाक्यवार पिता श्री दिनेश कुमार शाक्यवार एवं श्रीमती राधा देवी पति श्री प्रभुलाल पंवार **शाखा:** स्कीम नंबर 134, इंदौर (218010) | संपत्ति की समस्त भूमि एवं उस पर निर्मित मकान का विवरण, जो कि सर्वे नंबर 361/2/मिन-1, कुल क्षेत्रफल 0.055 हेक्टेयर पर स्थित है; स्थान- आष्टा रोड, ग्राम जेठड़ा, पटवारी हल्का नंबर 33, तहसील शुजालपुर एवं जिला शाजापुर (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 5920 वर्ग फीट, जिसमें से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित (डायवर्टेड) क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट है (कुल मापा गया क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट)। **चर्तुसीमा** : पूर्व : स्कूल की भूमि, पश्चिम: आष्टा रोड, उत्तर: रास्ता / मार्ग, दक्षिण: कन्हैयालाल की भूमि **संपत्ति मालिक** : राधा देवी पति श्री प्रभु लाल पंवार **प्रापर्टी आईडी:** PUNB68850012 | A) 07.05.2026 B) 2,14,28,136.89/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 29.07.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 55,02,000.00 5,50,200.00 50,000.00 | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |
| 2. | **मैसर्स श्री दादाजी ऑईल मिल्स एंड इंडस्ट्रीज (प्रोप्राइटर: श्री मनीष बलवानी, पिता श्री अशोक बलवानी)** **जमानतदार:** 1. श्री मनीष बलवानी पिता श्री अशोक बलवानी 2. श्री राजेश बलवानी पिता श्री घनश्याम दास बलवानी 3. श्री रोहित बलवानी पिता श्री नानकराम बलवानी **शाखा:** खंडवा (026400) | **संपत्ति 1: फैक्ट्री भूमि एवं प्रस्तावित भवन** – जो पटवारी हल्का नंबर 32, खसरा नंबर 447/1/2, ग्राम सुरगांव जोशी, ब्लॉक एवं मंडल छैगांव माखन, खंडवा (मध्य प्रदेश), रकबा 0.40 हेक्टेयर पर स्थित है, **चर्तुसीमा (बिक्री विलेख के अनुसार)** : पूर्व में लक्ष्मीनारायण मुरार की भूमि, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में सुरगांव जोशी ग्रामीण मार्ग और दक्षिण में मांगीलाल तुकाराम की भूमि, **मालिक : 1.** श्री मनीष बलवानी पिता श्री अशोक बलवानी एवं **2.** श्री राजेश बलवानी पिता श्री घनश्याम दास बलवानी हैं। **संपत्ति 2: फैक्ट्री भूमि एवं प्रस्तावित भवन** जो पटवारी हल्का नंबर 32, खसरा नंबर 447/2, ग्राम सुरगांव जोशी, ब्लॉक एवं मंडल छैगांव माखन, खंडवा (मध्य प्रदेश), रकबा 0.40 हेक्टेयर पर स्थित है, **चर्तुसीमा (बिक्री विलेख के अनुसार)** : पूर्व में आम रास्ता, पश्चिम में खसरा नं. 447/1/2 की भूमि, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में खसरा नं. 448 की भूमि, **मालिक : 1.** श्री मनीष बलवानी पिता श्री अशोक बलवानी एवं **2.** श्री रोहित बलवानी पिता श्री नानकराम बलवानी। **प्रापर्टी आईडी :-** PUNB68859035 | A) 29.12.2025 B) 4,86,48,227.26/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 24.03.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 2,23,92,000.00 22,39,200.00 1,00,000.00 दोनो संपत्तियां संयुक्त रूप से विक्रय की जावेगी | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |
| 3. | | **संपत्ति 3:** व्यावसायिक भूमि जो ग्राम सिर्रा, खसरा नंबर 888, पटवारी हल्का नंबर 17, राजस्व निरीक्षक मंडल चिचगोहन, सिर्रा-अत्तार-भैरुखेड़ा रोड, विकास खंड खंडवा, तहसील एवं जिला खंडवा (मध्य प्रदेश), रकबा 1.120 हेक्टेयर पर स्थित है, **चर्तुसीमा (बिक्री विलेख के अनुसार)** : पूर्व में आम रोड, पश्चिम में खसरा नंबर 886 एवं खसरा नंबर 889 की भूमि, उत्तर में खसरा नंबर 887/2 की भूमि एवं सड़क, और दक्षिण में खसरा नंबर 892/1 एवं खसरा नंबर 892/2 की भूमि। **मालिक : 1.** श्री मनीष बलवानी पिता श्री अशोक बलवानी। **प्रापर्टी आईडी :-** PUNB68850036 | A) 29.12.2025 B) 4,86,48,227.26/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 24.03.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 39,06,000.00 3,90,600.00 50,000.00 | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |
| 4. | **श्री कृतज्ञ शर्मा पिता कैलाश शर्मा** **शाखा:** सियागंज (021300) | आवासीय कॉलोनी 'दिव्य विहार' के प्लॉट नंबर एमआर 10 पर निर्मित बहुमंजिला भवन 'दिव्य विहार' की पांचवी मंजिल पर फ्लेट नं. 504, प.ह.न. 51 ग्राम जख्या, तह. सांवेर, जिला इंदौर, म.प्र. में स्थित है, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 610 वर्ग फुट यानी 56.69 वर्ग मीटर, **चर्तुसीमा :** पूर्व : खुला मार्ग, पश्चिम: बिल्डिंग का खुला भाग, उत्तर: फ्लेट नं. 505, दक्षिण: फ्लेट नं. 503. **प्रापर्टी आईडी :-** PUNB68851907 | A) 19.12.2025 B) 56,44,120.26/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 18.04.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 12,86,000.00 1,28,600.00 50,000.00 | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |
| 5. | **श्री भरत कुमार शुक्ला पिता श्री ओम प्रकाश शुक्ला एवं श्रीमती नेहा शुक्ला पति श्री भरत शुक्ला** **शाखा:** इंदौर-SGSITS (091110) | ब्लॉक डी, फ्लैट नंबर 403, चौथी मंजिल, मलय गोकुल धाम सोसाइटी (गोकुल धाम), छोटा बांगड़दा, इंदौर (म.प्र.) स्थित अचल संपत्ति। क्षेत्रफल- 1131 वर्ग फीट। **चर्तुसीमा** : पूर्व : फ्लैट नंबर डी 404, ब्लॉक डी एवं लॉबी, पश्चिम: फ्लैट नंबर डी 401, ब्लॉक डी, उत्तर: मंदिर एवं गार्डन, दक्षिण: लिफ्ट **संपत्ति मालिक :** श्री भरत कुमार शुक्ला पिता श्री ओम प्रकाश शुक्ला एवं श्रीमती नेहा शुक्ला पति श्री भरत शुक्ला **प्रापर्टी आईडी :–** PUNB68850702 | A) 02.05.2026 B) 35,03,694.00/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 29.07.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 44,46,000.00 4,44,600.00 50,000.00 | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |
| 6. | **श्री विनोद हरियाणी पिता श्री अशोक हरियाणी एवं श्रीमती एकता हरियाणी पति श्री विनोद हरियाणी मेसर्स स्वास्तीक सेल्स (प्रोप. श्री विनोद हरियाणी)** **शाखा :** विजय नगर, इन्दौर | अचल संपत्ति, प्लॉट नं. 118, सेक्टर ए, शिवधाम कॉलोनी, ग्राम लिम्बोदी, खंडवा रोड, इंदौर, म.प्र. **क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट (92.93 वर्ग मीटर),** **चर्तुसीमा:** पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः प्लॉट नं. 119, दक्षिणः प्लॉट नं. 117 **संपत्ति मालिक:** श्री विनोद हरियाणी पिता श्री अशोक हरियाणी एवं श्रीमती एकता हरियाणी पति श्री विनोद हरियाणी **संपत्ति आईडी:–** PUNB68853655 | A) 05.05.2026 B) 1,83,33,406.89/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 21.07.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य | 79,75,000.00 7,97,500.00 50,000.00 | 26.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) |

**नियम एवं शर्तें** : बिक्री प्रतिभूमि हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगीः 1. संपत्तियां **''जहां है, जैसी है'' और ''जो भी है, जैसी है''** के आधार पर बेची जा रही हैं। 2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिय उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। 5. सुरक्षित ऋणदाताओं को ज्ञात भारों का विवरण **पंजाब नैशनल बैंक. 4.** बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnbindia.in** देखें। 6. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। 7. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 25.11.2026 रात्रि 11.59 बजे तक।**

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के अधीन सांविधिक बिक्री सूचना**

**दिनांक : 03.11.2026** **स्थान : इन्दौर**

**प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)**



**pnb पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

सर्कल ऑफिस, इन्दौर
सर्कल ऑफिस : 20, स्नेह नगर, सपना संगीता, मेन रोड, इन्दौर – 452001
फोन : 2438000, ई–मेल : coindsamd@pnb.bank.in

**कब्जा सूचना** अचल संपत्ति हेतु नियम 8 (1)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **पंजाब नैशनल बैंक**, के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से, सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल असेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002 (2002 का 54) के अन्तर्गत एवं सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के साथ पठित, सेक्शन 13 (12) सहपठित **नियम 3** के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर, ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता को नोटिस की तारीख / नोटिस प्राप्ति की तारीख से **60 दिन के अन्दर** उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिये कहा था। ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अत: ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13 की उपधारा (4) एवं प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ पठित नियम 8 के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये अधोलिखित संपत्तियों का **आधिपत्य** ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता को विशेषत: एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों विषयक कोई संव्यहार न करे, ऐसा कोई भी संव्यवहार वसूल की जाने वाली नीचे उल्लिखित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **पंजाब नैशनल बैंक** के प्रभार के अधीन रहेगा। ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/सह–ऋणी/ जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | अचल संपत्ति (यों) का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड पता:** सर्वे नंबर 61, बंधन रोड, अमलिया पानी, बड़्वानी, म.प्र. 451551 **2. श्री नीरज गुप्ता पिता श्री बद्रीनारायण गुप्ता (निदेशक एवं जमानतदार माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड) डीआईएन नंबर 09733874 पता:**1/1, रणजीत चौक, वार्ड नंबर 06, बडवानी, म.प्र. 451551 **3. श्री कमल कुमार गोले पिता श्री महेश चंद्र गोले (निदेशक एवं जमानतदार माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड)** डीआईएन नंबर 09733875 **पता 1:** अंजड रोड, कारी, आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, बडवानी, म.प्र. 451551 **पता 2:** कुम्हार मोहल्ला, वार्ड नंबर 7, बडवानी, म.प्र. 451551 **पता 3:** 03, मोलाना आज़ाद मार्ग, गली नंबर 02, वार्ड नंबर 07, बडवानी, म.प्र. 451551 **4. श्री राजेश व्यास पिता श्री रामपाल व्यास (निदेशक एवं जमानतदार माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड)** डीआईएन नंबर 09733876 **पता1:** 102/10, मोलाना आजाद मार्ग, बडवानी, म.प्र. 451551 **पता 2:** 101/के, वार्ड नंबर 08, मॉडल स्कूल बोर्ड कॉलोनी, बडकीमेहरी, बडवानी, म.प्र. 451551 **पता 3:** महेंद्र टॉकीज रोड, जैमन कॉलोनी, बडवानी, म.प्र. 451551 **5. श्री सिद्धार्थ कुमार जैन पिता श्री दयाचंद जैन (निदेशक एवं जमानतदार माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड)**डीआईएन नंबर 09751571 **पता 1:** 115, एम.जी. रोड, वार्ड नंबर 7, बडवानी, म.प्र. 451551 **अन्य सभी का पता :** पटवारी हल्का नंबर 03 (पुराना), 10 (नया), सर्वे नंबर 61, ग्राम अमलियापानी, तह एवं जिला बडवानी, मध्य प्रदेश **अन्य सभी का पता :** पटवारी हल्का नंबर 03 (पुराना), 10 (नया), सर्वे नंबर 47/1, 47/2 एवं 50/4, ग्राम अमलियापानी, तहसील एवं जिला बडवानी, म.प्र. **शाखा: बड़वानी** | **1.** संपत्ति के शेष एवं संपूर्ण भाग, **भूमि एवं भवन** पटवारी हल्का नंबर 03 (पुराना), 10 (नया) स्थित, सर्वे नंबर 61 क्षेत्रफल रकबा 1.044 हेक्टेयर, ग्राम अमलियापानी, तहसील एवं जिला बड़्वानी, म.प्र. **चर्तुसीमाएँ (विक्रय पत्र के अनुसार):** पूर्व: सडक, पश्चिम: सरकारी भूमि, उत्तर: श्री कैलाश शर्मा द्वारा श्री अक्षत पुरोहित को बेची गई भूमि, दक्षिण: सरकारी भूमि **मालिक:** माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड CIN No. U15400MP2022PTC062667, PAN NO. AAQCM1802R **अपने निदेशकों द्वारा:** 1) श्री नीरज गुप्ता पिता श्री बद्रीनारायण गुप्ता 2) श्री कमल कुमार गोले पिता श्री महेश चंद्र गोले 3) श्री राजेश व्यास पिता श्री रामपाल व्यास 4) श्री सिद्धार्थ कुमार जैन पिता श्री दयाचंद जैन **2.** संपत्ति के शेष एवं संपूर्ण भाग, **भूमि एवं भवन** पटवारी हल्का नंबर 03 (पुराना), 10 (नया), सर्वे नंबर 47/1 रकबा 0.182 हेक्टेयर, 47/2 रकबा 0.081 हेक्टेयर एवं 50/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर, कुल रकबा 0.344 हेक्टेयर, ग्राम अमलियापानी, तहसील एवं जिला बड़्वानी, म.प्र. **चर्तुसीमाएँ (विक्रय पत्र के अनुसार):** पूर्व: सडक, पश्चिम: श्री कैलाश शर्मा द्वारा श्री अक्षत पुरोहित को बेची गई भूमि, उत्तर: नाला, दक्षिण: मनीष शर्मा की भूमि **मालिक:** माँ नमामि फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड CIN No. U15400MP2022PTC062667, PAN NO. AAQCM1802R **अपने निदेशकों द्वारा:** 1) श्री नीरज गुप्ता पिता श्री बद्रीनारायण गुप्ता 2) श्री कमल कुमार गोले पिता श्री महेश चंद्र गोले 3) श्री राजेश व्यास पिता श्री रामपाल व्यास 4) श्री सिद्धार्थ कुमार जैन पिता श्री दयाचंद जैन | 03.08.2026 / 28.10.2026 | ₹ 15,39,45,010.48 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**स्थान : इन्दौर, दिनांक : 03-11-2026** **प्राधिकृत अधिकारी – पंजाब नैशनल बैंक**